भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4001

जिसका उत्तर दिनांक 07.04.2022 को दिया जाना है

अंतरराष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक संयंत्र परियोजना की स्थिति

4001 श्री सुजीत कुमार :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक संयंत्र (आईटीईआर) परियोजना के लिए आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि भारत, वर्ष 2017 से इस परियोजना के लिए 'इन कैश' योगदान हेतु इंकार कर रहा है और बकाया राशि हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है, यदि हाँ, तो विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह भी सच है कि भारत ने संस्तुत 100 लोगों को नियुक्त करने की बजाय परियोजना के लिए केवल 25 कर्मचारी सदस्यों की नियुक्ति की है, इस प्रकार महत्वपूर्ण अनुभव का अवसर गंवा दिया है, यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ?

<u>उत्तर</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह)</u> :

(क) वर्ष 2017 से (अर्थात पिछले पांच वर्षों के दौरान), आईटीईआर-भारत को कुल रूपए 2683.9 करोड़ का आवंटन किया गया है । वर्षवार मंजूरी का विवरण निम्नलिखित है :-

मंजूरी का वित्तीय वर्ष	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
आबंटित अनुदान (रुपए करोड़ में)	430.6	442.8	624.5	566.0	620.0

(ख) 'नकद' अंशदान हेतु किए गए भुगतान का विवरण निम्नलिखित है :

भुगतान का वित्तीय वर्ष	2017-18	018-19	2019-20	2020-21	2021-22
किया गया भुगतान (रूपये करोड़ में)	-	97.09	46.46	181.25	245.11

आईटीईआर 7 राष्ट्रों का एक संघ है और सभी राष्ट्र आईटीईआर संगठन द्वारा की गई मांगों और संबंधित सरकार के विचारों के आधार पर अंशदान देते हैं ।

(ग) आईटीईआर कार्य स्थल पर कार्यरत कार्मिकों में (i) आईटीईआर संगठन (आईओ) नियमित कार्मिक पद (ii) आईटीईआर परियोजना सहयोगी (आईपीए), और (iii) उद्योग/संस्थान से विशिष्ट संविदात्मक कार्यों पर कार्यरत कार्मिक शामिल हैं । सभी आईटीईआर के नियमित पद 5 वर्षों तक ठेकों के माध्यम से भरे जाते हैं । परमाणु ऊर्जा विभाग के विशेष प्रोत्साहन से, निजी क्षेत्र के उद्योगों सहित भारतीय उद्योग अब आईटीआर में कार्मिक प्रतिनियुक्त कर रहे हैं । आज की स्थिति में, निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों से लगभग 150 भारतीय नागरिक आईटीईआर परियोजना सहयोगी के रूप में आईटीईआर में कार्य कर रहे हैं जो कुल 250 आईपीए का लगभग 60% है । इसके अतिरिक्त, लगभग 22 भारतीय नियमित कार्मिक के रूप में कार्यरत हैं और कुछ शेष श्रेणियों में कार्यरत हैं । कुल मिलाकर, लगभग 180 भारतीय आईटीईआर कार्यस्थल पर कार्यरत हैं । आईटीईआर कार्मिकों के संदर्भ में 'संस्वीकृत पद' की कोई संकल्पना नहीं है ।

*****